# आकाशवाणी

## क्षेत्रीय समाचार एकांश

## देहरादून (उत्तराखण्ड)

**रविवार 06.10.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग जिले में 195 करोड़ 75 लाख 16 हजार की लागत की 141 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में जल्द सख्त भू– कानून लागू किया जाएगा।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने रुद्रपुर में कूड़ा निस्तारण के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को प्रदेश के हर जिले में अपनाने पर जोर दिया।
- चीन सीमा पर उत्तरकाशी जिले के नेलांग गांव में आज से बीएसएनएल की संचार सेवाएं शुरू।

**लखपति दीदी अभियान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुद्रप्रयाग जिले में 195 करोड़ 75 लाख 16 हजार की लागत की 141 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में लखपति दीदी अभियान–शक्ति को सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारघाटी के स्थानीय उत्पादों को देश–विदेश में केदार ब्रांड बनाकर मातृशक्ति की आजीविका को बेहतर बनाया जाएगा। श्री धामी ने केदारनाथ के वैकल्पिक मार्ग के रूप में त्रियुगीनारायण–तोषी–गरुड़चट्टी मार्ग को मंजूरी दी। साथ ही सुमाड़ी को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में जल्द सख्त भू–कानून लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अवैध रूप से जमीनों की खरीद फरोख्त की है उनसे जमीन वापस लेकर सरकारी भूमि में निहित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि केदारनाथ धाम एक था, एक है और एक ही रहेगा, देश में किसी भी स्थान पर उत्तराखंड के चार धामों के प्रयोग कर कोई मंदिर नही बनने दिया जाएगा।

**सीएम धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि विद्यार्थियों और युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अनेक कार्य कर रही है। देहरादून के धर्मपुर स्थित गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को प्रदेश में लागू किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों से परिचित कराने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इस मौके पर श्री धामी ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2024 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में विद्या मंदिर के शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

## सीएस रुद्रपुर दौरा

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि रुद्रपुर में कूड़ा निस्तारण के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को प्रदेश के हर जिले में अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने कूड़ा निस्तारण और वेंडिंग जोन बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है, जिससे क्षेत्र की लोग संतुष्ट है।

रुद्रपुर भ्रमण के दौरान श्रीमती रतूड़ी ने नगर निगम की ओर से तैयार किए जा रहे वेंडिंग जोन, ट्रंचिंग ग्राउंड और गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की तीव्रता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार एक सशक्त भू–कानून बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर भू–कानून के लिए सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं और अधिकारियों से चर्चा का दौर जारी है।

## एक राष्ट्र–एक चुनाव

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि पूरे भारत में एकसाथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। नई दिल्ली में कल लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एकसाथ चुनाव होने से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

## बीएसएनएल

उत्तरकाशी जिले में चीन सीमा पर स्थित नेलांग गांव में आज से बीएसएनएल की सेवाएं शुरू हो गई हैं। इसके लिए आईटीबीपी के हिमवीरों और सेना के जवानों ने बीएसएनएल का आभार जताया है। नेलांग क्षेत्र में अभी तक संचार सुविधा नहीं थी। अबतक आईटीबीपी और सेना के जवान अपने परिजनों से सैटेलाइट फोन के जरिए संपर्क करते थे, जिसकी कॉल दर काफी महंगी थी। गौरतलब है कि नेलांग में दो अक्टूबर से बीएसएनएल के टावर लगाने का काम शुरू किया गया था। उत्तरकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि अब चीन सीमा पर जादुंग, नीला पानी, सोनम, पीडीए और नागा त्रिपानी क्षेत्र में छह टावर लगाए जाने हैं।

## भारतीय सेना

भारतीय सेना के 21 सैनिकों के दल ने उत्तरकाशी ज़िले के हर्षिल घाटी पहुंचने पर जधुंगा गांव में पर्यटन को बढ़ावा देने और गांववासियों के पुनर्वास के मिशन की शुरुआत की। दल ने उत्तरकाशी के उप–जिलाधिकारी के साथ गढ़वाल सेक्टर में पर्यटन को बढ़ावा देने की परिवर्तनकारी थीम से जुड़े चल रहे पहलुओं पर चर्चा की।

## सफल रेस्क्यू

चमोली जिले की चौखंबा–थ्री की चढ़ाई के लिए निकली अमेरिका और ब्रिटेन की लापता ट्रेकर्स को वायुसेना और राज्य आपदा मोचन बल के दल ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। चौखंबा थ्री की चढ़ाई के लिए दो विदेशी महिला ट्रेकर्स मौसम खराब होने की वजह से फंसी हुई थी। 11 सितंबर को ये दोनों पर्वतारोही, चौखंबा के आरोहण के लिए निकली थी और दोनों को 18 अक्टूबर तक वापस लौटना था। लेकिन इस बीच मौसम खराब होने की वजह से दोनों वहीं फंस गई। जिसके बाद वायुसेना और एसडीआरएफ की ओर से खोजबीन अभियान चलाया गया।

## शहीद

जम्मू के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर तैनात भारतीय सेना की 18वीं कुमाऊं रेजिमेंट के जवान मनीष बिष्ट शहीद हो गए हैं। मनीष मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट तहसील के अंतर्गत नौगांव–कफड़ा के निवासी थे। उनकी शहादत की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव और रानीखेत के खनिया गांव में रहने वाले परिजनों में शोक की लहर है।

## सोलर लाइट

टिहरी जिले के गुलदार प्रभावित भिलंगना रेंज में वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए तीन गांवों में 12 सोलर लाइटें लगाईं हैं। विभाग के अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में झाड़ियों को भी काट दिया है ताकि गुलदार झाड़ियों में न छिप सके। एसडीओ जन्मेजय रमोला ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्र में विभागीय टीम वाहनों से नियमित गश्त भी कर रही है।

टिहरी के प्रभागीय वनाधिकारी पुनीत तोमर ने बताया कि वन विभाग ने प्रभावित पुरवाल गांव में गुलदार को मारने के लिए शिकारी दल, पिंजरे और कैमरा ट्रैप लगाए हैं।

## मिलावट

हरिद्वार जिले में त्योहार के दौरान बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग कड़ी नजर रख रहा है। नवरात्रि के दौरान कुट्टू और सिंघाड़े का आटा बड़ी मात्रा में बिकता है। इसमें मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग जगह–जगह बाजारों में जाकर खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्र कर रहा है। हरिद्वार के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमएन जोशी का कहना है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की मिलावट पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर विभाग की ओर से व्यापारियों के लिए एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

**भारतीय डाक विभाग**

भारतीय डाक विभाग की ओर से गोपेश्वर में प्रदर्शनी आयोजित किया गया। चीफ़ पोस्टमास्टर जनरल, शशि शालिनी कुजूर, ने धार्मिक स्थल वसुधारा जल–प्रपात पर विशेष आवरण का विमोचन किया। इसके साथ ही बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, ब्रह्म कमल और चौखंबा पर्वत सहित आठ पिक्चर पोस्टकार्ड भी जारी किए गए। डाक विभाग की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें आस्था नेगी को उत्तराखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। चीफ़ पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि उत्तराखंड जैव विविधता से भरा है और डाक विभाग लगातार प्राचीन धरोहर, धार्मिक व पर्यटन स्थलों को संजोने का प्रयास कर रहा है।